प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

समापन समारोह में किसान मेले की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

पंतनगर में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के समापन समारोह में मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी में सबसे अधिक 35 (23 प्रथम व 12 द्वितीय) पुरस्कार प्राप्त करने पर उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था, पत्थरचट्टा के लिए श्री वी.पी. श्रीवास्तव को तथा शाक–भाजी, गमले में अलंकृत पौधे एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी में व्यक्तिगत रूप से कुल 24 (12 प्रथम एवं 12 द्वितीय) पुरस्कार प्राप्त करने पर भी श्री योगेन्द्र को शील्ड प्रदान की गयी। विश्वविद्यालय व अन्य सरकारी संस्थानों के स्टालों को भी उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही मेले में लगाये गये विभिन्न वर्गों के स्टॉलों को भी उनके प्रदर्शन व बिक्री के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

मेले में उद्यान प्रदर्शनी में सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त करने पर श्री वी.पी. श्रीवास्तव को ट्राफी देते हुए अतिथिगण।